# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक /809/अका./कार्यपरिषद/2022 जगदलपुर, दिनांक 27/08/2022

## //कार्यपरिषद बैठक का कार्यवाही विवरण//

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 42वीं बैठक दिनांक 27.08.2022 को अपरान्ह 12.00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। कोविड–19 के नियंत्रण हेतु शासन/प्रशासन द्वारा जारी सभी प्रोटोकाल एवं निर्देशों का पालन करते हुए बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए तथा शेष निम्नलिखित सदस्य विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए :–

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

1. प्रोफेसर (डॉ.) शैलेन्द्र कुमार सिंह, — पदेन अध्यक्ष
   कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
2. श्री रेखचंद जैन, — सदस्य
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 86 – जगदलपुर
3. श्री चंदन कश्यप, — सदस्य
   माननीय विधायक, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 84–नारायणपुर
4. श्री कमलाकर सिंह, पूर्व कुलपति, — सदस्य
   भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, निवासी–ई–3/22, नुपुर कुंज, अरेरा कालोनी, भोपाल
5. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य, — सदस्य
   शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागॉव।
6. डॉ. ए.के.दीक्षित, प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) एवं — सदस्य
   संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान एवं कला संकाय,
   शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम, बीजापुर
7. श्री धीरज नशीने, संभागीय संयुक्त संचालक, — सदस्य
   छत्तीसगढ़ कोष, लेखा एवं पेंशन संभागीय कार्यालय, जगदलपुर
8. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, संकायाध्यक्ष, शिक्षा एवं विधि संकाय, — सदस्य
   प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर बस्तर।
9. डॉ. विनोद कुमार पाठक, — पदेन सचिव
   कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर

**गूगल मीट के माध्यम से सम्मिलित सदस्य**

10. श्रीमती राजलक्ष्मी सेलट, — सदस्य
    विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग
11. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य, — सदस्य
    भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
12. श्री राजेश चौहान, क्रिकेटर, — सदस्य
    एम.आई.जी., सी–2338, एम.पी.एच.बी. कालोनी, इंडस्ट्रियल स्टेट, भिलाई (छ.ग.)
13. पद्मश्री अनूप रंजन पाण्डेय, — सदस्य
    एच–15, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
14. डॉ. आर.के. हिरकने, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंध सूचना प्रौद्योगिकी संकाय, — सदस्य
    प्राध्यापक (वाणिज्य), शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दन्तेवाड़ा
15. डॉ. के. इंदिरा संकायाध्यक्ष, विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय, — सदस्य
    प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर



27 AUG 2022

बैठक एजेण्डा के विषयों पर चर्चा से पूर्व श्री धीरज नशीने, कार्यपरिषद सदस्य एवं संभागीय संयुक्त संचालक, छत्तीसगढ़ कोष, लेखा एवं पेंशन संभागीय कार्यालय, जगदलपुर के द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के निर्णय की जानकारी प्रकाशित होने के संबंध में अपनी ओर से निन्दा प्रस्ताव रखते हुए प्रकाशित समाचारो की जॉच कराने हेतु जॉच समिति का गठन किये जाने का प्रस्ताव रखा। उक्त प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा निम्नानुसार जॉच समिति गठित किया गया है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री रेखचंद जैन, कार्यपरिषद सदस्य एवं<br>माननीय विधायक एवं संसदीय सचिव जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री चंदन कश्यप, कार्यपरिषद सदस्य एवं<br>माननीय विधायक, नारायणपुर | सदस्य |
| 3. | डॉ. ए.के. दीक्षित, कार्यपरिषद सदस्य एवं<br>प्राध्यापक, शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम | सदस्य |
| 4. | श्री धीरज नशीने, कार्यपरिषद सदस्य एवं<br>संभागीय संयुक्त संचालक, छत्तीसगढ़ कोष,<br>लेखा एवं पेंशन संभागीय कार्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 5. | श्री के.आर. ठाकुर, सहायक कुलसचिव (अकादमिक)<br>शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर | प्रस्तुतकर्ता सदस्य |

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 41वीं बैठक दिनांक 05.08.2022 के कार्यवृत्त दिनांक 06.08.2022 को सम्पुष्टि प्रदान करना। कार्यपरिषद के 06 सदस्यों द्वारा दिये गये पत्र अनुसार कार्यपरिषद की 41वीं बैठक दिनांक 05.08.2022 के कार्यवृत्त के पूरक एजेण्डा विषय क्रमांक 2, 3, 4, 5 एवं 6 पर उल्लेखित निर्णय पर चर्चा।

**निर्णय** :–

कार्यपरिषद की 41वीं बैठक दिनांक 05.08.2022 के कार्यवृत्त दिनांक 06.08.2022 का सम्पुष्टि प्रदान करते हुए विषय क्रमांक–3 के संबंध में लिए गए निर्णय के साथ ''परीक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी पेपर लीक के मामले की जॉच के दायरे में लाते हुए उनसे भी पेपर लीक के संबंध में पूछताछ की जावे।'' साथ ही कार्यपरिषद के 06 सदस्यों द्वारा दिये गये पत्र अनुसार कार्यवृत्त के पूरक एजेण्डा विषय क्रमांक 2, 3, 4, 5 एवं 6 पर उल्लेखित निर्णय पर चर्चा एवं निर्णय निम्नानुसार लिया गया :–

**विषय क्रमांक 2** – क्रय समिति की प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी से अवगत कराने पर स्वीकृति का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक 3 एवं 4** – निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के विनियम क्रमांक–116 का पुनः परीक्षण कराया जाये एवं पुनः स्वीकृति हेतु आगामी कार्यपरिषद में प्रस्तुत किया जाये।

**विषय क्रमांक 5** – निर्णय लिया गया कि उक्त विज्ञापन निरस्त किया जाये एवं आवेदकों का शुल्क वापस किया जाये और विश्वविद्यालय के विनियम क्रमांक–116 का पुनः परीक्षण कराकर कार्यपरिषद से स्वीकृति पश्चात् शेष रिक्त पदों पर राज्य शासन के आरक्षण नियम एवं मॉडल रोस्टर का पालन करते हुए पुनः विज्ञापन किया जाये। साथ में रोस्टर की पूरी जानकारी कार्यपरिषद के संज्ञान में लायी जाये।

**विषय क्रमांक 6** – निर्णय लिया गया कि संविदा सहायक प्राध्यापकों के नवीनीकरण संबंधी जारी आदेश दिनांक 25.08.2022 को संशोधित कर एक वर्ष के लिए नवीनीकरण किये जाने का उल्लेख करते हुए संशोधित आदेश तत्काल जारी किया जाये।

**विषय क्रमांक – 2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 41वीं बैठक दिनांक 05.08.2022 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन को कार्यपरिषद के पटल पर रखना।

**निर्णय** :–

पालन प्रतिवेदन की सम्पुष्टि प्रदान करते हुए विषय क्रमांक 1 के निर्णयानुसार कार्यवाही की जाय।



2 7 AUG 2022

**विषय क्रमांक – 3 (विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के सेमेस्टर/वार्षिक/पूरक परीक्षा (सैद्धांतिक) सत्र 2022–23 के अंको को ऑनलाईन एंट्री करने के लिए प्रति उत्तर पुस्तिका राशि 1/– रू. की दर से पारिश्रमिक प्रदाय करने बाबत्।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के सेमेस्टर/वार्षिक/पूरक सैद्धांतिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केन्द्रों से मूल्यांकन कर्ता द्वारा अंको का ऑनलाईन एंट्री करने के लिए 1/– रू. (एक रू. मात्र) प्रति उत्तर पुस्तिका की दर से पारिश्रमिक दिया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में मूल्यांकन कर्ता द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय फाईल/कांउन्टर फाईल में अंको को एंट्री करके संबंधित मूल्यांकन केन्द्र के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा उक्त फाईल/कांउन्टर फाईल को क्रम में रखकर परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु संबंधित फर्म जो विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत होता है, उन्हे पोस्ट या कोरियर के माध्यम से भेजा जाता है। चूँकि इस प्रक्रिया में अत्यधिक समय लगता है जिसके कारण परीक्षा परिणाम जारी करने में विलंब होती है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित उत्तर पुस्तिकाओं का यदि मूल्यांकन केन्द्रों के माध्यम से संबंधित विषय के मूल्यांकन कर्ता द्वारा ऑनलाईन अंको का एंट्री किया जाता है तो संबंधित विषय के अंक Result Processing फर्म को सीधे स्थांतरित हो जायेगी एवं परीक्षा परिणाम शीघ्रता से घोषित होने की प्रबल संभावनायें होंगी।

विश्वविद्यालय द्वारा राशि 1/–रू. (एक रू. मात्र) पारिश्रमिक की व्यवस्था प्रति उत्तर पुस्तिका अंको की एंट्री करने पर केवल सैद्धांतिक परीक्षा के लिए प्रस्तावित है। यह राशि मूल्यांकन कर्ता को ऑनलाईन एंट्री करने पर प्रदाय किया जायेगा। मूल्यांकन कर्ता मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का ऑनलाईन एंट्री करने के पश्चात प्रिंट निकालकर उसे विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय गोपनीय लिफाफा में बंद करके संबंधित मूल्यांकन केन्द्र में जमा करेंगे तथा गोपनीयता बनाये रखने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी मूल्यांकन कर्ता की होगी। पारिश्रमिक की यह व्यवस्था आंतरिक/प्रयोगिक/ मौखिक आदि परीक्षाओं के लिए लागू नहीं किये जायेंगे।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक – 4 (विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

MICS भोपाल के देयक भुगतान के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

अनुबंधित फर्म MICS भोपाल को विश्वविद्यालय से जारी किये गये कार्यादेश क्र. 8093/भंडार/श.म.क.वि.वि./2021–22 जगदलपुर दिनांक 31.07.2021 तथा कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर, जगदलपुर एवं MICS भोपाल के मध्य दिनांक 13.08.2021 के अनुबंधित दर एवं शर्तो के अनुरूप सत्र 2021–22 के परीक्षा/गोपनीय के कार्यो को सफलता पूर्वक संपादित करने हेतु MICS भोपाल को कार्यादेश जारी किया गया था। MICS भोपाल के द्वारा सत्र 2021–22 के निम्नलिखित कार्यो का सफलता पूर्वक समाप्ति पश्चात देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत किया गया है–



27 AUG 2022

### देयक क्रमांक–434 Online User Accessibility Work March 2022 to July 2022 -

| S.N. | Name of Works Details | Agreement | Rate | Qty. | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online User Accessibility System for College (Total Active College 57*1450=82650 Per Month) | ANNEXURE "G" S.N.-02 | 1450 | 57*5 | 413250.00 |
| 2 | Online User Accessibility System for University (Total Active User 17*1450=24650 Per Month) | ANNEXURE "G" S.N.-02 | 1450 | 17*5 | 123250.00 |
| 3 | Exclusive Toll Free Number With Minimum 5 lines (7800*5=39000 Per Month) | ANNEXURE "G" S.N.-03 | 7800 | 5*5 | 273000.00 |
| 4 | SMS (01-03-2022 to 31-07-2022 | ANNEXURE "F" S.N.-02 | 0.3 | 125000 | 37500.00 |
| | | | | | 847000.00 |
| | | | | **ICGST@18%** | 152460.00 |
| | | | | **Total** | **999460.00** |

### देयक क्रमांक–435 सेमेस्टर परीक्षा जनवरी–जून 2022 –

| S.N. | Name of Works Details | Agreement | Rate | Qty. | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online Examination Application for Sem. Exam | ANNEXURE "B" S.N.-03 | 25 | 4549 | 113725.00 |
| 2 | Compilation of data of enrollment & Examination form (Jan.- June 2022) | ANNEXURE "B" S.N.-08 | 5 | 4549 | 22745.00 |
| 3 | Online Displaying of Admit cards (Jan.- June 2022) | ANNEXURE "B" S.N.-09 | 3 | 4549 | 13647.00 |
| 4 | Online Internal/ Practical Marks | ANNEXURE "C" S.N.-04 | 2 | 4549 | 9098.00 |
| | | | | | **159215.00** |
| | | | | **ICGST@18%** | **28658.70** |
| | | | | **Total** | **187873.70** |

### देयक क्रमांक–437 Semester Exam July-December 2021-

| S.N. | Name of Works Details | Agreement | Rate | Qty. | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Colour Marksheet (July- Dec. 2021) | ANNEXURE "F" S.N.-14 | 32 | 4659 | 149088.00 |
| 2 | Three copies of Tabulation Register (Total Page 801*3=2403) | ANNEXURE "C" S.N.-7 | 5 | 4659 | 23295.00 |
| 3 | Online Result to be displayed on University Portal (July-Dec. 2021) | ANNEXURE "C" S.N.-08 | 2 | 4659 | 9318.00 |
| 4 | Marksheet Dispatched Register (July-Dec. 2021) | ANNEXURE "C" S.N.-10 | 2 | 4659 | 9318.00 |
| 5 | Processing of result as per marks award sheet (July-Dec. 2021) | ANNEXURE "C" S.N.-02 | 30 | 4659 | 139770.00 |
| | | | | | **330789.00** |
| | | | | **ICGST@18%** | **59542.00** |
| | | | | **Total** | **390331.00** |

**उपरोक्तानुसार देयक 434, 435 एवं 437 का कुल योग निम्नानुसार है–**

| S.N. | Bill No. | Amount | ICGST@18% | Total Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bill No. 434 | 847000.00 | 152460.00 | 999460.00 |
| 2 | Bill No. 435 | 159215.00 | 28658.70 | 187873.70 |
| 3 | Bill No. 437 | 330789.00 | 59542.00 | 390331.02 |
| | | **1337004.00** | **240660.70** | **1577664.72** |

**निर्णय :–**

वित्तीय परीक्षणोपरांत भुगतान करने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।



2 7 AUG 2022

**विषय क्रमांक – 5 (विश्वविद्यालय के स्थापना/प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

राज्य शासन के कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतनमान 2017 एवं पुनरीक्षित वेतनमान 2009 में दिनांक 01.08.2022 से महंगाई भत्ते की पुनरीक्षित दरें।

**विभागीय टीप :–**

छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्र. 536/एफ 2013–04–00416/वि/नि/चार, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 16.08.2022 वित्त निर्देश 15/2022 के अनुसार वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक 265/एफ 2013–04–00416/वि/नि/चार, दिनांक 02.05.2022 द्वारा राज्य शासन के कर्मचारियों को माह मई, 2022 से सातवें वेतनमान में 22% की दर से तथा छठवें वेतनमान में 174% की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है।

2/ राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य शासन के शासकीय सेवकों को निम्नानुसार दर से महंगाई भत्ता दिया गया है:–

| वेतनमान | अवधि जब से देय | महंगाई भत्ते में वृद्धि का प्रतिशत | वृद्धि उपरांत महंगाई भत्ते की दर |
|---|---|---|---|
| सातवॉ वेतनमान | दिनांक 01.08.2022 | 6% | 28% |
| छठवॉ वेतनमान | दिनांक 01.08.2022 | 15% | 189% |

(2) राज्य शासन यह भी निर्देशित करता है कि :–

1. बढ़े हुए महंगाई भत्ते की राशि का दिनांक 01.08.2022 से नगद भुगतान किया जाएगा।
2. महंगाई भत्ते की गणना मूल वेतन के आधार पर की जावेगी। इसमें विशेष वेतन, व्यक्तिगत वेतन शामिल नहीं होगा।
3. महंगाई भत्ते का कोई भी भाग मूलभूत नियम 9(21) के अंतर्गत वेतन नहीं माना जायेगा।
4. महंगाई भत्ते के कारण किये जाने वाले भुगतान में 50 पैसे अथवा उससे अधिक पैसे हों तो,उन्हें अगले उच्चतर रूपयों में पूर्णांकित किया जावेगा और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जावेगा।
5. ये आदेश यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. तथा कार्यभारित तथा आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारी की सेवा के सदस्यों पर भी लागू होंगे।
6. इस आदेशों के अंतर्गत देय महंगाई भत्ते का भुगतान विभाग के चालू वर्ष के स्वीकृत बजट प्रावधान से अधिक न हो।

अतः उपरोक्तानुसार राज्य शासन के शासकीय सेवकों के वेतन में 6% वृद्धि किये गये महंगाई भत्ते की राशि माह अगस्त, 2022 के वेतन में जोड़ कर भुगतान करने का आदेश है।

अतः उपरोक्त आदेश शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत समस्त नियमित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिये लागू करने के संबंध में विचार किया जा सकता है।

**निर्णय :–**

वित्त निर्देश 15/2022 दिनांक 18.08.2022 के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत समस्त नियमित अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिये महंगाई भत्ते में 6 प्रतिशत वृद्धि किये जाने संबंधी प्रस्ताव को दिनांक 01.08.2022 से लागू करने के लिए सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



27 AUG 2022

**विषय क्रमांक – 6**

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

**विषय क्रमांक – 1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के अध्यापन व्यवस्था एवं मानदेय निर्धारण के संबंध में।

**विभागीय टीप :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों यथा 1.एम.एस.सी. वानिकी एवं वन्यजीव, 2.एम.एस.सी. मानवविज्ञान एवं जनजातीय, अध्ययन, 3. एम.एस–सी. रूरल टेक्नोलॉजी 4.एम.एस.सी बायोटेक्नोलॉजी 5. एम.एस.डब्ल्यू, 6. एम.सी.ए., 7.बी.एड., 8. एम.ए. राजनीतिशास्त्र, 9. एम.ए. अंग्रेजी, 10. एम.बी.ए., 11. पी.जी.डी.सी.ए. , 12. ढोकरा कला एवं जनजातीय कला डिप्लोमा प्रमाण पत्र, 13. गैर सरकारी संगठन प्रबंधन में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम, 14. पी.जी. डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन एवं 15. पी.जी. डिप्लोमा इन ट्राईबल आर्ट में से केवल वानिकी एवं वन्यजीव तथा मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला में 02 नियमित प्राध्यापक एवं 04 नियमित सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं तथा वर्तमान में तीन अध्ययनशालाओं में कुल 10 संविदा सहायक प्राध्यापक एवं 14 अतिथि व्याख्याता से शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है, किन्तु कुछ अध्ययनशालाओं में नियमित शिक्षक, संविदा सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता नहीं होने तथा भविष्य में विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक पदों के विरूद्ध नियमित शिक्षक, संविदा सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति होने तक शैक्षणिक कार्य सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित/परिनियम–28/संविदा प्राध्यापक/ सह प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि व्याख्याताओं तथा सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञों को शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के अध्यापन व्यवस्था हेतु आमंत्रित किये जाने पर विश्वविद्यालय में वर्तमान में अतिथि व्याख्याताओं हेतु निर्धारित मानदेय प्रति कालखण्ड राशि रू. 300/– की दर से प्रति शैक्षणिक कार्यदिवस अधिकतम चार कालखण्ड हेतु राशि रू. 1200/– एवं प्रति माह अधिकतम मानदेय राशि रू. 31,200/– की सीमा के अधीन प्रदाय करने के संबंध में निर्णय हेतु कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक – 2**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के बी.एड. अध्ययनशाला में शैक्षणिक सत्र 2021–22 में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं को शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु आगामी आदेश तक नियुक्ति की तिथि से सेवा वृद्धि किये जाने संबंधी प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :–**

सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



27 AUG 2022

अंत में श्री कमलाकर सिंह, कार्यपरिषद सदस्य द्वारा संबोधित करते हुए माननीय कुलपति महोदय के कार्यकाल सफलतम, सरलतम, सहजतम कार्य के लिए प्रसंशा करता हूँ और बधाई देता हूँ तत्पश्चात श्री रेखचंद जैन, कार्यपरिषद सदस्य एवं माननीय विधायक, जगदलपुर द्वारा सर्वप्रथम विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण करने हेतु विचार किया जावे आज हम सब आपके साथ है कार्यपरिषद में बैठे हैं आपका व्यवहार, सरलतम, न्यायप्रिय, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आपने भविष्य सवारने का कार्य किया, जो बच्चों का भविष्य बनाने का अवसर दिया और समय–समय पर उत्कृष्ठ कार्य किया मै आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ तदोपरांत श्री धीरज नशीने, कार्यपरिषद सदस्य द्वारा मेरी आपसे जब परिचय हुआ तब मै कोषालय में था कुलपति साहब के स्वाभावों से सहमत हूँ कि वह कभी उत्तेजित नहीं होते आपने बैठक को बहुत ही शांतिप्रिय ढंग से सम्पादन किया आपके इस सफलतम कार्य के लिए बधाई देता हूँ। माननीय कुलपति महोदय द्वारा जब मै विश्वविद्यालय कार्यभार लिया तो विश्वविद्यालय चलाना बहुत ही कठिन था जब से श्री रेखचंद जैन, माननीय विधायक आये तो विश्वविद्यालय की स्थिति में काफी सुधार हुआ निर्माण संबंधी कार्य में काफी सहयोग रहा मॉं दन्तेश्वरी का अभारी हूँ। मानव जीवन में कभी किसी का नुकसान नहीं होना चाहिए मै विश्वविद्यालय को जहॉं तक मजबूत हो करने की कोशिश किया और मुझे विश्वविद्यालय की जहॉं तक आवश्यकता होगी कोशिश करूंगा सहायेग के लिए अंत में आप सभी माननीय सदस्यों का अभार प्रकट करता हूँ। कुलसचिव द्वारा संबोधित करते हुए माननीय कुलपति के कार्यकाल बहुत अच्छा रहा और मै आपकी उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ अंत में सर्वसम्मति से प्रोफे. (डॉ.) शैलेन्द्र कुमार सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में माननीय कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों को आभार प्रकट किया।

27/8/22

कुलपति
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

27/08/2022

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)



27 AUG 2022